**दिनांक : 24.06.2024** **समय : 07.10पीएम**

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ अठारहवीं लोकसभा के संसद सत्र की षुरुआत, अनेक संसद सदस्यों ने षपथ ली।
- रानी दुर्गावती के पराक्रम, और सुषासन के नवाचारों को षिक्षा के पाठ्यक्रम में षामिल किया जाएगा
- प्रदेष में बच्चों की सेहत की जांच की दस्तक अभियान कल से
- प्रदेष में मॉनसून के प्रभाव से व्यापक वर्षा, आठ जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी।

संसद सत्र–शपथ

18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज नवनिर्वाचित सांसदों के सदन के सदस्य के रूप में शपथ लेने के साथ शुरू हुआ। लोकसभा के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन के सदस्य के रूप में शपथ लेने वाले प्रथम सदस्य रहे। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने श्री मोदी को शपथ दिलाई। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने श्री महताब को 18वीं लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर के रूप में पद की शपथ दिलाई। केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, शिवराज सिंह चौहान, और अन्य ने लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की है। सत्र से पहले संसद के बाहर मीडिया को जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार चलाने के लिए बहुमत की आवश्यकता होती है लेकिन देश चलाने के लिए आम सहमति अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि 18वीं लोकसभा का सत्र आज विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार देश की सेवा करने और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करेगी।

पीएम– सुधार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि एनडीए सरकार के लिए सुधार 140 करोड़ भारतीयों के जीवन को बेहतर बनाने का एक साधन है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर–जीएसटी लागू होने के बाद घरेलू उपयोग का सामान काफी सस्ता हो गया है। उन्होंने कहा, इससे गरीबों और आम आदमी को काफी बचत हुई है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए सुधारों की इस यात्रा को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

दुर्गावती मुख्यमंत्री

वीरांगना रानी दुर्गावती के पराक्रम और सुषासन के नवाचारों को पाठ्यक्रम में षामिल किया जाएगा। वीरांगना रानी दुर्गावती के विविध पक्षों को सामने लाने के लिए 5 लाख रूपए का पुरस्कार दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये घोषणाएं कीं। जबलपुर एयरपोर्ट और मदन महल से होकर गुजरने वाला फ्लाय ओवर रानी दुर्गावती के नाम पर होगा। उन्होंने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती ने न केवल अकबर की सेना को तीन बार परास्त किया अपितु सुशासन और जल प्रबंधन के क्षेत्र में भी कई नवाचार करते हुए क्षेत्र को जनोन्मुखी शासन व्यवस्था प्रदान की। उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्र के तालाबों व जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार भी प्राथमिकता से करेगी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने समाधि स्थल पहुँचकर पूजा–अर्चना की तथा रानी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

गेंहू–भंडार मात्रा

खाद्य सुरक्षा प्रबंधन, जमाखोरी तथा सट्टेबाजी को रोकने के लिए केंद्र ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के थोक और खुदरा व्यापारियों पर गेंहू के भंडारण के लिए सीमा निर्धारित की है। व्यापारियों और थोक विक्रेताओं के लिए यह सीमा तीन हजार टन होगी। खुदरा विक्रेताओं के प्रत्येक प्रतिष्ठान के लिए यह सीमा दस टन और उनके डिपो के लिए ये सीमा तीन हजार टन होगी।यह सीमा 31 मार्च 2025 तक लागू रहेगी।

दस्तक

"दस्तक सह स्टॉप डायरिया" राज्य स्तरीय अभियान कल से आरंभ होगा। यह इकतीस अगस्त तक चलेगा। उप–मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल अभियान की षुरुआत करेंगे। बाल्यकालीन बीमारियों की

पहचान एवं त्वरित उपचार सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश में प्रतिवर्ष दस्तक अभियान संचालित किया जाता है। अभियान का प्रमुख उद्देश्य बाल मृत्यु प्रकरणों में कमी लाना है।

**नीट– परीक्षा**

परीक्षाओं की षुचिता बनाए रखने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। नीट में पेपर लीक के बाद परीक्षाओं की प्रणाली में सुधार के लिए समिति बनाई गई है। राष्ट्रीय षैक्षणिक प्रौद्योगिकी फोरम के चेयरमैन अनिल सहस्त्रबुद्धे ने का कहना है कि सरकार ने नीट पेपर लीक मामले में जांच समिति बना दी है जिससे संदेहों को दूर करने में मदद मिलेगी।

बाइट– अनिल सहस्त्रबुद्धे, चेयरमैन, राष्ट्रीय षैक्षणिक प्रौद्योगिकी फोरम के

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विष्वविद्यालय के कुलपति के जी सुरेष ने कहा कि सीबीआई जांच कराकर सरकार ने तुरंत कदम उठाया है। उच्च स्तरीय समिति भी सुधार के लिए बनाई है जिसके अच्छे परिणाम मिलेंगे।

बाइट– के जी सुरेष, कुलपति, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विष्वविद्यालय

**पल्स पोलियो अभियान–प्रदेश**

प्रदेश में पोलियो सुरक्षा चक्र बनाये रखने के लिए 25 जून तक प्रदेशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रदेश में 1 करोड़ से अधिक 0–5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इंदौर में इसके लिये 8 हजार से अधिक कर्मचारी तैनात हैं। जो आज से घर–घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवाई पिला रहे हैं। नर्मदापुरम जिले में 5 वर्ष तक के कुल 1 लाख 12 हजार 745 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। जिले में 1 लाख 51 हजार 309 बच्चो को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। बैतूल जिले में शहरी क्षेत्र के 22 हजार 904 एवं ग्रामीण क्षेत्र के 1 लाख 45 हजार 512 कुल 1 लाख 68 हजार 416 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य है।

**मॉनसून–बारिश**

दक्षिण पष्चिम मॉनसून कल प्रदेष के आलीराजपुर, बड़वानी, धार, खरगोन, सीधी, सिंगरौली, इंदौर, उज्जैन, देवास, भोपाल, रायसेन, नर्मदापुरम में प्रवेष कर गया है। इसके प्रभाव से प्रदेष के अधिकांष जिलों में कहीं कम तो कहीं अधिक बारिष हो रही है। मौसम विभाग ने बड़वानी अलिराजपुर, झाबुआ, धार छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट और पांढुर्णा में कुछ स्थानों पर भारी बारिष की चेतावनी दी इसके अलावा 47 जिलों के लिये बारिष का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं मऊगंज जिले में बिजली गिरने से एक महिला की मृत्यु हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। लगभग 120 बकरियों की भी मौत हो गई।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- छिंदवाड़ा में वीरांगना महारानी दुर्गावती के 461वे बलिदान दिवस पर पुण्य स्मरण समारोह सप्ताह के अंतर्गत उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से संबंधित गतिविधियों जैसे चित्रकला, रंगोली, लोकगीत गायन, स्वरचित कविता, निबंध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।
- सीहोर जिले के आष्टा ब्लाक में कन्नौद रोड स्थित थाना परिसर में एक करोड़ रुपए की लागत से बने नए थाने के भवन का 26 जून को लोकार्पण होगा।
- विष्व जनसंख्या दिवस अभियान के तहत खंडवा जिले में आज से 27 जून से स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा योग्य दम्पत्ति से संपर्क कर परिवार नियोजन के साधनों की जानकारी देकर छोटे परिवार का लाभ बताते हुए प्रेरित करेंगे।
- नीमच जिले की सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में 28 जून को रक्त समूह परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में एक दिन में ही जिले के एक लाख लोगों के रक्त समूह परीक्षण का लक्ष्य रखा गया है।